# हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय
## “सामान्य प्रशासन शाखा”

...

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय कार्यकारिणी परिषद की वर्ष, 2012 की आपातकालीन बैठक की कार्यवाही जो दिनांक 22 फरवरी, 2012 को  दोपहर 12—00 बजे आचार्य ए0डी0एन0 वाजपेयी, कुलपति की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के सभा कक्ष में आयोजित की गई । बैठक में निम्नलिखित उपस्थित हुए :—

1— आचार्य ए0डी0एन वाजपेयी
2— प्रो0 ओ0पी0 चौहान
3— प्रो0 श्रीराम शर्मा
4— डॉ0(श्रीमती) उमा वर्मा
5— प्रो0 सुरेश कुमार
6  चौ0 वरयाम सिंह बैन्स
6— सुरेश भारद्वाज
7— डॉ0 धनी राम शर्मा
8— श्री एन0एस0 बिष्ट
9— डॉ0 (श्रीमती) आभा मल्होत्रा
10— प्रो0 शशि कान्त शर्मा ‘लोमेश ’ —कुलसचिव सदस्य—सचिव

<u>**मद संख्याः 1ः**</u> कुलपति महोदय का वक्तव्य ।

....

हिमाचल प्रदेश्व विश्वविद्यालय में वर्ष 2012 की तीसरी आपातकालीन बैठक में आप सभी सम्माननीय सदस्यों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करता हूॅ ।

मैं सम्माननीय सदस्यों को अवगत करवाना चाहूंगा  कि दिनांक 14 फरवरी, 2012 को आयोजित की गई कार्यकारिणी परिषद की विशेष बैठक के लिए गए निर्णय के अनुरूप हमने 18 फरवरी, 2012 को माननीय मुख्यमन्त्री जी से मुलाकात की जिसमें मेरे साथ स्थानीय विधायक एवं सदस्य कार्यकारिणी परिषद् श्री सुरेश भारद्वाज, प्रो0 ओ0पी0 चौहान, श्री एन0एस0 विष्ट, प्रो0 शशिकांत शर्मा लोमेश, कुलसचिव, डॉ0(श्रीमती) उमा वर्मा और चौधरी  वरयाम सिंह बैंस शामिल थे ।

माननीय मुख्यमन्त्री जी से हमारी बातचीत सकारात्मक रही और उन्होंने विश्वविद्यालय के लिए हर संभव आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया है । माननीय मुख्यमन्त्री जी ने वर्तमान मूल्य सूचकांक के आधार पर सेवा शुल्क तथा शिक्षण व अन्य शुल्कों के लिए बनाई गई समिति को भी उचित ठहराते हुए

विश्वविद्यालय में एक तर्कसंगत फीस युक्तिकरण नीति बनाने की सराहना की, जो कम से कम हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के बराबर हो ।

मैं बताना चाहूंगा कि स्नातक स्तर की परीक्षा अवधि को डेढ़ महीने में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं और इस दिशा में प्रशासनिक प्रक्रिया शुरू हो चुकी है ।

कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (कैस) के अंतर्गत सभी प्राध्यापकों के साक्षात्कार बीते एक सप्ताह में पूरे कर लिये गये हैं तथा जिन प्राध्यापकों का इस योजना के तहत साक्षात्कार देय हो गये थे, उन सभी को चयन समिति के समक्ष अपना पूरा शैक्षणिक विवरण रखने का अवसर दिया गया ।

तृतीय श्रेणी व तकनीकी तथा इंजीनियरिंग कर्मचारियों कीं काफी समय से लम्बित भर्ती एवं पदोन्नति समिति की बैठक भी आयोजित की गई और यह सुनिश्चित किया कि सभी को वस्तुस्थिति के अनुरूप सेवा लाभ मिले ।

मैं कुलसचिव से निवेदन करूंगा कि आज के लिए प्रस्तावित मदों को परिषद के सम्मुख चर्चा के लिए प्रस्तुत करें ।

**मद संख्या :2 :** कार्यकारिणी परिषद के समक्ष सी.ए.एस. के अन्तर्गत अध्यापकों की पदोन्नति व जीव विज्ञान विषय में सह–आचार्यों की सीधी भर्ती हेतु चयन समिति की सिफारिशें प्रस्तुत करने बारे ।

......

सभापति ने चयन समिति की सिफारिशों को परिषद् में पढ़ कार सुनाया । सिफारिशें निम्न प्रकार से हैं :–

**सी.ए.एस. के अन्तर्गत आचार्य, गणित विभाग :**

डॉ (श्रीमती) वीना शर्मा को सी.ए.एस. के अंतर्गत देय तिथि से पदोन्नति हेतु सिफारिश की गई ।

**सी.ए.एस. के अन्तर्गत आचार्य, जैव प्रौद्योगिकी विभाग :**

डॉ (श्रीमती) रीना गुप्ता को सी.ए.एस. के अंतर्गत देये तिथि से पदोन्नति हेतु सिफारिश की गई ।

**सी.ए.एस. के अन्तर्गत आचार्य, लोक प्रशासन विभाग :**

डॉ (श्रीमती) सिम्मी अग्निहोत्री को सी.ए.एस. के अंतर्गत देय तिथि से पदोन्नति हेतु सिफारिश की गई ।

**सी.ए.एस. के अन्तर्गत आचार्य, कम्प्यूटर विज्ञान विभाग :**

(क) डॉ0 अमर जीत सिंह को सी.ए.एस. के अंतर्गत देय तिथि से पदोन्नति हेतु सिफारिश की गई ।

(ख) डॉ0 मनु सूद को सी.ए.एस. के अंतर्गत देय तिथि से पदोन्नति हेतु सिफारिश की गई ।

**सी.ए.एस. के अन्तर्गत सह–आचार्य, कम्प्यूटर विज्ञान विभाग :**

(क) श्री जवाहर ठाकुर को सी.ए.एस. के अंतर्गत देय तिथि से पदोन्नति हेतु सिफारिश की गई ।

(ख) श्री अमन कुमार शर्मा को सी.ए.एस. के अंतर्गत देय तिथि से पदोन्नति हेतु सिफारिश की गई ।

**सी.ए.एस. के अन्तर्गत आचार्य, जीव विज्ञान विभाग :**

डॉ (श्रीमती) शशि शर्मा को सी.ए.एस. के अंतर्गत देय तिथि से पदोन्नति हेतु सिफारिश की गई ।

**सी.ए.एस. के अन्तर्गत आचार्य, विधि विभाग :**

(क) डॉ0 कमलजीत सिह को सी.ए.एस. के अंतर्गत देय तिथि से पदोन्नति हेतु सिफारिश की गई ।

(ख) डॉ0 सुनील देशटा को सी.ए.एस. के अंतर्गत देय तिथि से पदोन्नति हेतु सिफारिश की गई ।

**सी.ए.एस. के अन्तर्गत आचार्य, परफोर्मिंग आटर्स विभाग :**

(क) डॉ0 जीत रात को सी.ए.एस. के अंतर्गत देय तिथि से पदोन्नति हेतु सिफारिश की गई ।

(ख) डॉ0 आर.एस. शांडिल को सी.ए.एस. के अंतर्गत देय तिथि से पदोन्नति हेतु सिफारिश की गई ।

(ग) डॉ0 पी.एन. बंसल को सी.ए.एस. के अंतर्गत देय तिथि से पदोन्नति हेतु सिफारिश की गई ।

**सी.ए.एस. के अन्तर्गत आचार्य, वाणिज्य विभाग (इक्डोल) :**

डॉ0 कुलदीप कुमार को सी.ए.एस. क अंतर्गत देय तिथि से पदोन्नति हेतु सिफारिश की गई ।

**सी.ए.एस. के अन्तर्गत आचार्य, भौतिक विज्ञान विभागः**

डॉ0 नैन जीत सिंह को सी.ए.एस. के अंतर्गत देय तिथि से पदोन्नति हेतु सिफारिश की गई ।

**जीव विज्ञान विभाग में सह–आचार्यों की सीधी भर्ती**

डॉ0 देस राज ठाकुर को सह–आचार्य के पद पर नियुक्ति की सिफारिश की गई ।

कार्यकारिणी परिषद ने सर्वसम्मति से चयन समिति की उपरोक्त सिफारिशों का अनुमोदन किया ।

परिषद ने यह भी निर्णय लिया कि पूर्व में जिन शिक्षकों के कैरियर एडवांसमैंट स्कीम के अन्तर्गत साक्षात्कार की तिथि को पदोन्नति की तिथि माना गया था उन्हें भी देय तिथि से पदोन्नत किया जाए । और इस सम्बन्ध में आगामी कार्यवाही हेतु कुलपति को प्राधिकृत किया ।

**मद संख्या :3:** भर्ती एवं पदोन्नति समिति की तकनीकी अधिकारी/कर्मचारी (निर्माण विभाग) दिनांक 15–2–2012 को हुई बैठक की कार्यवाही को कार्यकारिणी परिषद के समक्ष अनुमोदनार्थ हेतु ।

.....

कार्यकारिणी परिषद ने तकनीकी अधिकारी/कर्मचारी (निर्माण विभाग) सहायक अभियन्ता और उससे उपर की श्रेणियों के पदो ंके लिए दिनांक 15–2–2012 को हुई बैठक की सिफारिशों को **संलग्न** के अनुरूप अनुमोदित कर दिया ।

## अन्य मदें :

**डॉ0 बी0एल0 बिन्टा**

माननीय सदस्य डॉ0 बी0एल0 बिन्टा और डॉ (श्रीमती) उमा वर्मा ने महाविद्यालयों में शुरू किए गए चयनित(elective) विषय पत्रकारिता एवं जनसंपर्क के लिए विश्वविद्यालय को जल्दी पाठ्यक्रम बनाने पर बल दिया । इस पर परिषद ने यह भी निर्णय लिया कि महाविद्यालयों में शुरू किए गए अन्य चयनित विषयों के लिए भी शीघ्रातिशीघ पाठ्यक्रम तैयार किया जाए ताकि विद्यार्थियों के अध्ययन में कोई व्यवधान न हो ।

**श्री एन0एस0 विष्ट**

माननीय सदस्य श्री एन0एस0 विष्ट ने कहा कि पुस्तकालय से सेवानिवृत्त श्री एस0के0 शर्मा, उप–पुस्तकाध्यक्ष के वरिष्ठता मामले को वरीयता के आधार पर निपटाया जाये और उनकी देय अदायगियों का निपटारा किया जाए । जिस पर परिषद ने निर्णय लिया कि ऐसे अन्य मामले जिनका अभी तक निपटारा नहीं

किया गया है ऐसे मामलों का निपटारा कर उन्हें देय तिथि से पदोन्नति देकर उन्हें सभी वित्तीय लाभ दिए जाएं ।

**चौ0 वरयाम सिंह बैन्स**

माननीय सदस्य चौ0 वरयाम सिंह बैन्स ने विश्वविद्यालय में बढ़ौतरी हेतु माननीय मुख्यमन्त्री से मुलाकात के लिए अपना बहुमूल्य समय निकालकर उसमें भरपूर सहयोग देने के लिए सम्माननीय सदस्य श्री सुरेश भारद्वाज तथा श्री कृपाल परमार जी का आभार व्यक्त किया । जिसकी परिषद के अन्य सदस्यों ने भी प्रशंसा की और इसे विश्वविद्यालय की वित्तीय स्थिति में सुधार के लिए एक अच्छा कदम बताया है। चौ0 वरयाम सिंह बैन्स ने कहा कि सेवानिवृत्ति से रिक्त हुए पदों को तत्काल भरा जाए ताकि पात्र कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ समयानुसार मिल सके जिस पर कुलपति ने आश्वासन दिया कि भविष्य में इस पर उचित कार्यवाही की जायेगी ।

बैठक पीठ को धन्यवाद प्रस्ताव के साथ सम्पन्न हुई ।

(आचार्य शशि कान्त शर्मा)
कुलसचिव
सदस्य–सचिव

पुष्टिकरण

(आचार्य ए0डी0एन0 बाजपेयी)
कुलपति / सभापति